# KN-54

## B.A. (Part-II) Examination, 2022

## ( New Course )

## HINDI LITERATURE

## ( हिन्दी निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ )

**[ Paper : Second (Paper Code : 0174) ]**

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Passing Marks : 25*

निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

### इकाई–I

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। [7×3=21]

(क) गुरूजी ऐसा तो संसार भर में कोई देश नहीं है। दो पैसा पास रहने ही में मजे से पेट भरता है। मैं तो इस नगर को छोड़कर नहीं जाऊँगा और जगह-जगह दिन भर माँगों तो भी पेट नहीं भरता। सो मैं तो यहीं रहूँगा।

(ख) आप लोग हमसे एक पीढ़ी आगे हैं, पर अगर आपसे हिसाब माँगा जाए तो आपके पास क्या है? आप मुझे बताइये, आप लोगों ने दुनिया को क्या दिया? मैं वैज्ञानिक आविष्कारों की बात नहीं करता, उसकी तो एक पूरी स्कीम है, जिसमें पीढ़ियों और समाज का कोई दखल ही नहीं है, वह तो प्रकृति धीरे-धीरे अपने आप को पूरा कर रही है। मैं जानता हूँ, आप मेरे विचारों को दकियानूसी समझकर मन ही मन हँस रहे हैं, लेकिन भाई जान, आपने कौन-से तीर मारे हैं, आप बताइये?

(ग) जानकी का युग इस देश से कभी नहीं मिटेगा। मैं जानकी हूँ। इस देश की कोई भी स्त्री जानकी है। जब तक हमारे भीतर जानकी का त्याग है, जानकी की क्षमा है, तब तक वही है। तुम्हारे लिए जानकी पौराणिक है इसलिए असत्य है। मेरे लिए वह भावगम्य है। उनके भीतर मेरी सारी समस्याएँ, सारे समाधान हैं।

(घ) कभी-कभी लोग अपने कुटुंबियों या स्नेहियों से झगड़कर क्रोध में अपना ही सिर पटक देते हैं। यह सिर पटकना अपने को दुख पहुँचाने के अभिप्राय से नहीं होता, क्योंकि बिल्कुल बेगानों के साथ कोई ऐसा नहीं करता। जब किसी को क्रोध में अपना ही सिर पटकने या अंगभंग करते देखें तब समझ लेना चाहिए कि उसका क्रोध ऐसे व्यक्ति के ऊपर है जिसे उसके सिर पटकने की परवाह है अर्थात् जिसे उसका सिर फूटने से उस समय नहीं तो आगे चलकर दुख पहुँचेगा।

(ङ) अमराई से जुड़ने का अर्थ है, बसन्त से जुड़ना, बसन्त की तैयारी से जुड़ना, जीवन की नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना, शक्ति से सघन श्यामल से जुड़ना, संगीत मातृका दूर्वादल-श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसमन और फलन की समग्रता से जुड़ना, प्रकृति के एकतालबद्ध समाज की समरसता से जुड़ना, मनुष्य के एकांत-विश्वास से जुड़ना और धरती उमंग की आकाश के स्वस्ति-वाचन से जुड़ना।

## इकाई-II

2. (क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश

डालते हुए उनके साहित्यिक अवदान का उल्लेख कीजिए।

[6×1=6]

अथवा

'अंधेर नगरी' नाटक का प्रतिपाद्य लिखिए।

(ख) 'क्रोध' शीर्षक निबंध का विश्लेषण कीजिए। [6×1=6]

अथवा

'बसन्त आ गया' निबंध की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

## इकाई–III

3. (क) 'औरंगजेब की आखिरी रात' शीर्षक एकांकी की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए। [6×1=6]

अथवा

'स्ट्राइक' शीर्षक एकांकी की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'एक दिन' एकांकी की रंगमंचीयता का विश्लेषण कीजिए।

[6×1=6]

अथवा

'मम्मी ठकुराइन' शीर्षक एकांकी का प्रतिपाद्य लिखिए।

## इकाई–IV

4. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

[5×3=15]

(क) एकांकी और नाटक में क्या अंतर है? समझाइये।

(ख) निबंध की परिभाषा एवं उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'यात्रा संस्मरण और राहुल सांकृत्यायन' विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(घ) महादेवी वर्मा के गद्य साहित्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) लोकधर्मी नाट्य शैली के क्षेत्र में हबीब तनवीर की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(च) नाट्य विद्या की उत्पत्ति कैसे हुई? समझाइये।

## इकाई– V

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

[15×1=15]

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक में कितने दृश्य हैं?

(ख) 'अंधेर नगरी' नाटक के लेखक का नाम लिखिए।

(ग) अंधेर नगरी, चौपट राजा ------- भाजी टके सेर खाजा।

(घ) एकांकी में कितने अंक होते हैं?

(ङ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' शीर्षक एकांकी में पात्रों की संख्या कितनी है?

(च) पठित एकांकी के आधार पर औरंगजेब की बेटी का पूरा नाम लिखिए।

(छ) भुवनेश्वर की कौन-सी एकांकी आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित है?

(ज) मोहन किस एकांकी का पात्र है?

(झ) 'मम्मी ठकुराइन' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।

(ञ) विसाखाराम किस एकांकी के पात्र हैं?

(ट) 'दस हजार' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।

(ठ) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित मनोविकार संबंधी निबंध का शीर्षक लिखिए।

(ड) ‘बसंत आ गया’ शीर्षक निबंध के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ढ) हरिशंकर परसाई किस विद्या के रचनाकार के रूप में प्रख्यात हैं।

(ण) हरिशंकर परसाई के किसी एक उपन्यास का नामोल्लेख कीजिए।

(त) हबीब तनवीर का जन्म कब हुआ था?

----x----